हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 17 अप्रैल 2026

11 1 मई से 2 सप्ताह तक सभी नगर निकायों में...



11 गुजवि में 100 विद्यार्थियों ने तेज बुद्धिमत्ता स्पीड...



## खबर संक्षेप

### पैरोल जंप करने का आरोपी गिरफ्तार

**नारनौंद।** पुलिस ने पैरोल पर आए एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपित संदीप निवासी पुठ्ठी के खिलाफ थाना महम में दर्ज एक मुकदमे में 20 वर्ष की कारावास की सजा काट रहा था और जेल में बंद था। मुख्य सिपाही संदीप ने बताया कि उक्त कैदी को अदालत के आदेशानुसार 17 अक्टूबर 2023 को 21 दिन की फरलो पर रिहा किया गया था। रिहाई के समय उसे निर्देश दिए गए थे कि वह 8 नवंबर को 2023 को जेल में हाजिर हो, लेकिन आरोपित युवक निर्धारित समय पर जेल में नहीं पहुंचा और फरार होकर पैरोल जम्पर बन गया।

### अवैध देसी शराब की 12 बोतल के साथ एक काबू

**हांसी।** शहर थाना पुलिस ने अवैध देसी शराब की 12 बोतल के साथ एक आरोपी को काबू किया है। आरोपी की पहचान सुमीत कुमार निवासी परशुराम गेट, हांसी के रूप में हुई है। एएसआई मुकेश कुमार ने बताया कि पुलिस टीम ने गश्त दौरान देखा कि जाट धर्मशाला की ओर से थैला लेकर आ रहा युवक सामने पुलिस को देखकर घबरा गया। पुलिस ने रोक शक के आधार पर तलाशी लेने पर उसके थैले से 12 बोतल देसी शराब बरामद हुई।

### सीआईए ने 50.86 ग्राम हेरोइन सहित एक पकड़ा

**हिसार।** नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सीआईए टीम ने एक युवक को भारी मात्रा में नशीले पदार्थ सहित काबू किया है। आरोपी की पहचान न्योली कलां निवासी बिंटू उर्फ प्रदीप के रूप में हुई है। सूचना के बाद सीआईए टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एनएच-52डी फ्लाई ओवर के नीचे छापा मारा। पुलिस की गाड़ी देखकर आरोपी ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस टीम ने उसे मौके पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 50.86 ग्राम हेरोइन बरामद की गई।

### हत्या प्रयास व मारपीट मामले में आरोपी पकड़ा

**हिसार।** 12 क्वार्टर चौकी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक राकेश व उनकी टीम ने महावीर कॉलोनी क्षेत्र में हुई मारपीट और जानलेवा हमले के मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान महाबीर कॉलोनी स्थित वाल्मीकि बस्ती निवासी सुमित उर्फ घोला के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई बजाज पल्सर मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है। विरोध करने पर आरोपियों ने मिठाई की दुकान के बाहर मोहित के साथ मारपीट की और सिर पर ईंट से वार किया। बाद में चार अन्य युवक भी वहां पहुंच गए और पूरे परिवार पर जानलेवा हमला किया।

### अवैध हथियार के साथ आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सीआईए मील गेट सहायक उप निरीक्षक रविंद्र की टीम ने एक युवक को अवैध हथियार सहित काबू किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान कुलेरी गांव निवासी रामप्रसाद के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार सीआईए के सहायक उप निरीक्षक रविंद्र अपनी टीम के साथ गांव कुलेरी बस अड्डे के पास गश्त पर थे। सूचना के आधार पर एक व्यक्ति को काबू किया गया।

### नशा सप्लायर एक दिन के रिमांड पर, कार बरामद

**हांसी।** सीआईए-1 टीम ने एक नशा सप्लायर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान उमरा निवासी संदीप के रूप में हुई है। आरोपी को अदालत से एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। एसआई राजेश कुमार ने बताया कि पुलिस टीम ने 4 अप्रैल नाकाबंदी कर प्रमिंद्र को बुलेट मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर कब्जे से 145 ग्राम अफीम बरामद की थी।

---

सम्मेलन की अनुमति न दिए जाने पर भड़के कार्यकर्ता, गमले फेंके

# इनसो का गुजवि वीसी कार्यालय पर प्रदर्शन, गेट तोड़ने का प्रयास

### हंगामा बढ़ता देख पिछले गेट से निकले वीसी, पता चलते ही ऑफिस के सामने धरने पर बैठे दिग्विजय, 27 को प्रदर्शन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय में सम्मेलन करने की मांग पर अड़े इनसो कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया। विश्वविद्यालय प्रशासन पर छात्र संवाद सम्मेलन की अनुमति न देने का आरोप लगाते हुए जजपा व इनसो कार्यकर्ता विश्वविद्यालय के पुलिस व सुरक्षा कर्मियों को धक्के मारकर कुलपति कार्यालय तक पहुंच गए और वहां प्रदर्शन किया। उग्र प्रदर्शन को देखते सुरक्षा कर्मियों ने कार्यालय का गेट बंद कर दिया। जेजेपी के युवा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय चौटाला की अगुवाई में प्रदर्शनकारियों ने कुलपति कार्यालय का गेट तोड़ने का प्रयास किया, जो हिला डाला। इस दौरान प्रदर्शनकारियों व पुलिस में धक्कामुक्की भी हुई। कार्यालय के गेट पर रख कुछ गमले भी टूट गए। बताया जाता है कि इसी दौरान वीसी प्रो. नरसीराम बिश्नोई पिछले गेट से गाड़ी लेकर निकल गए। करीब एक घंटे तक तनावपूर्ण स्थिति बनी रही।



हिसार। कुलपति कार्यालय को धक्का मारते इनसो कार्यकर्ता। *फोटो : हरिभूमि*

### धरना देकर बैठे दिग्विजय चौटाला

हंगामा बढ़ता देख वीसी पिछले गेट से निकल गए। इसका पता चलते ही दिग्विजय चौटाला और जेजेपी कार्यकर्ता वीसी ऑफिस के सामने ही धरना देकर बैठ गए। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि जो वीसी अपनी कुर्सी और यूनिवर्सिटी नहीं संभाल सकता, वो छात्रों का भविष्य कैसे संवारेंगे। काफी देर तक प्रदर्शनकारी धरने पर ही बैठे रहे। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि जो कुलपति छात्रों से संवाद नहीं कर सकते, उनसे आगे क्या उम्मीद कर सकते है। कुलपति का बिना छात्रों से मिले और संवाद करे यहां से चले जाना, गंभीर मुद्दा है। उन्होंने ऐलान किया कि 27 अप्रैल को दोबारा छात्र यहां प्रदर्शन करेंगे।

### कुलपति कार्यालय में की गई तोड़फोड़ दुर्भाग्यपूर्ण व निंदनीय : प्रो. बिश्नोई



**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने विश्वविद्यालय में जेजेपी नेता दिग्विजय चौटाला की मौजूदगी में इनसो कार्यकर्ताओं द्वारा कुलपति कार्यालय में की गई तोड़-फोड़ को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि यह कार्य अत्यंत निंदनीय है। कुलपति ने कहा कि विगत वर्षों में गुजविप्रौवि ने राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक विशेष पहचान बनाई है। इस प्रकार की घटनाओं से विश्वविद्यालय की पहचान व गरिमा को नुकसान पहुंचता है, साथ ही यहां पढ़ने वाले विद्यार्थियों का भी नुकसान होता है।कुलपति ने बताया कि 5 अगस्त 2019 को इनसो के हरेन्द्र बेनीवाल द्वारा विश्वविद्यालय के सीआरएस सभागार के मेन हॉल को इनसो का फाउंडेशन डे मनाने के लिए लिया गया था। उस दिन सभागार में काफी नुकसान हुआ था। मामले की जांच के लिए तत्कालीन कुलपति, कुलसचिव, प्रॉक्टर तथा डीएसडब्लू सहित पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया था। इस कमेटी ने विश्वविद्यालय के नियमानुसार उस समय तोड़फोड़ की भरपाई के लिए एक लाख रूपये जुर्माना लगाया गया था, जो नहीं दिया गया। यह भी कारण था कि आगे किसी कार्यक्रम के लिए इनसो को विश्वविद्यालय द्वारा सभागार नियमानुसार तब तक नहीं दिया जा सकता जब तक उनके द्वारा जुर्माने की यह राशि अदा न की जाए।

### कुलपति कार्यालय की बाउंड्री पर लगी ग्रिल कूदकर अंदर घुसे कार्यकर्ता

हालात को देखते भारी पुलिस बल को कुलपति कार्यालय के बाहर बुला लिया गया। बाद में जेजेपी नेता दिग्विजय चौटाला ने विवि प्रशासन को 27 अप्रैल तक छात्रों की समस्याओं को हल करने को अल्टीमेटम दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि इस अवधि में छात्रों की समस्याओं पर गंभीरता नहीं दिखाई तो वे खुद 27 अप्रैल को छात्रों के साथ यहां आएंगे और इस बार कुलपति के आमने-सामने बातचीत हुए बगैर नहीं यहां से नहीं हटेंगे। इससे पूर्व जेजेपी व इनसो कार्यकर्ता गुरुवार सुबह यादव धर्मशाला में छात्र संवाद कार्यक्रम के लिए एकत्रित हुए। जेजेपी के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय चौटाला के सामने इनसो नेता ने गुजवि कुलपति द्वारा विवि परिसर में कार्यक्रम करने की इजाजत नहीं देने का मुद्दा उठाया। इस पर चौटाला ने कहा कि कुलपति ने आखिर कार्यक्रम की इजाजत क्यों नहीं दी, इसका जवाब उनसे आमने-सामने बैठकर ही लिया जाएगा। इतने कहते हुए चौटाला कार्यकर्ताओं के साथ गुजवि की तरफ कूच कर गए। गुजवि गेट पर मौजूद पुलिस व विवि के सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो जेजेपी व इनसो कार्यकर्ता धक्का मारते हुए विवि परिसर में घुसे गए कुलपति कार्यालय में प्रवेश के सभी गेटों को बंद कर दिया गया। इसी बीच कार्यालय की बांउड्री पर लगी ग्रिल से कूदकर कार्यकर्ता अंदर घुस आए। कुलपति कार्यालय की मुख्य बिल्डिंग में प्रवेश को लेकर जेजेपी कार्यकर्ताओं और छात्रों की पुलिस के साथ झड़प हो गई। जैसे ही जजपा कार्यकर्ता और छात्र वीसी ऑफिस पहुंचे तो पुलिस ने उन्हें रोक लिया। छात्र वीसी से बात कराने की मांग करने लगे। मगर, पुलिस ने इनकार कर दिया। इससे बाद छात्र भड़क गए और वीसी ऑफिस के दरवाजे तक पहुंच गए। उन्होंने दरवाजे को हिला डाला और गमले भी इधर-उधर फेंक दिए गए। महिला पुलिसकर्मी आगे आई तो दिग्विजय चौटाला ने कहा कि लड़कों के प्रदर्शन में महिला पुलिस कर्मियों को किस लिए बुलाया गया है।

---

# दहशत फैलाने की कोशिश नाकाम, 10 आरोपी पकड़े



हिसार। पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

- पीएलए चौकी व सीआई मिल गेट की संयुक्त कार्रवाई
- आरोपी सागर पर डकैती, शस्त्र अधिनियम व लड़ाई झगड़े के हैं 10 मामले दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत, पुलिस चौकी पीएलए व सीआईए मिल गेट टीम ने पटेल नगर इलाके में हथियारों के साथ हुड़दंग कर रहे 10 लोगों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से अवैध हथियार और जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं।

पुलिस के अनुसार शहर के पटेल नगर में एक घर के बाहर 10-11 युवक हथियारों, लोहे के कापा और गाड़ियों के साथ एकत्रित होकर सरेआम हुड़दंगबाजी करके इलाके में दहशत फैला रहे थे। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने घेराबंदी की। पुलिस को देखकर बदमाश भागने लगे लेकिन पुलिस टीम ने मौके से 10 आरोपियों को काबू कर लिया, जबकि कुछ भागने में सफल रहे। आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है।

### ये पकड़े गए बदमाश

पकड़े गए आरोपियों में भूना निवासी नसीब, नारनौंद निवासी सागर, बिचपड़ी निवासी राहुल व साहिल, फतेहाबाद निवासी जुगनू व साहिल, भूना निवासी गगन, नारनौंद निवासी मस्ताना, असंध निवासी प्रिंस व भूना निवासी विजय शामिल है। इनमें भूना निवासी नसीब के पास से दोनाली बंदूक व दो जिंदा कारतूस व नारनौंद निवासी सागर से लोहे का कापा व जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज कर लिय है। पुलिस के अनुसार आरोपी सागर पर विभिन्न थानों में कई केस दर्ज है।

### एसी में गैस भरने वाली किट में ब्लास्ट, युवक गंभीर घायल



**हिसार।** शहर की पीएलए मार्केट में एसी में गैस भरने वाली किट में ब्लास्ट होने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान भिवानी के विद्यानगर निवासी मुकेश के रूप में हुई है। मुकेश अपनी बाइक पर पीएलए मार्केट में खाने-पीने का सामान लेने आया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुकेश एक रेहड़ी के पास खड़ा था। उसके सामने एक जूस की दुकान पर एक अन्य व्यक्ति भी सामान ले रहा था, जिसकी बाइक के पीछे रखे बैग में एसी गैस किट रखी हुई थी। बताया जा रहा है कि अत्यधिक गर्मी और दबाव के कारण अचानक वह किट फट गई। किट की नोजल का हिस्सा तेज गति से उछलकर सामने खड़े मुकेश के सिर में जा लगा।

---

# चुनाव समिति की बैठक के बाद होगी उम्मीदवारों की घोषणा : कृष्ण बेदी

- भाजपा ने इच्छुक उम्मीदवारों के लिए 19 तक मांगे आवदेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उकलाना

उकलाना नगर पालिका चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई है। गुरुवार को नगर निकाय चुनाव को लेकर उकलाना में प्रभारी मंत्री कृष्ण बेदी ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस दौरान टिकट के इच्छुक उम्मीदवारों ने अपने आवेदन प्रस्तुत किए। बैठक में प्रभारी मंत्री कृष्ण बेदी ने स्पष्ट किया कि 19 अप्रैल तक कोई भी व्यक्ति, जिसके मन में चुनाव लड़ने की इच्छा है, अपना आवेदन दे सकता है। इसके बाद 20 अप्रैल को कार्य समिति की बैठक में उम्मीदवारों को लेकर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी स्तर पर सर्वे के आधार पर तय किया जाएगा कि किस उम्मीदवार को चुनाव मैदान में उतारा जाए। उम्मीदवार कोई भी हो सकता है, लेकिन चुनाव कमल के फूल के नाम पर लड़ा जाएगा और उम्मीदवार की घोषणा करना पार्टी का अधिकार है।

पूर्व मंत्री अनूप धानक ने भी कहा कि कमल का फूल ही पार्टी का प्रत्याशी होगा और सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर काम करना चाहिए। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष आशा खेदड़, वरिष्ठ नेता श्रीनिवास गोयल, रामफल नैन, पूनम मेहता, डॉ. शमी नागपाल, चंद्र प्रकाश बोस्ती, सुशील नैन, पूर्व अध्यक्ष सत्यनारायण बंसल, मनदीप सिंह, विनोद कुमार, कृष्ण कुमार, राजेंद्र नगर, राजेश कुमार, निकिता गोयल, मनु नारंग, पायल गर्ग आदि मौजूद रहे।



उकलाना। कार्यकर्ताओं के साथ रायशुमारी करने पहुंचे मंत्री कृष्ण बेदी।

---

# ढाणा कलां में निशानदेही टीम का विरोध

- 80 कनाल 17 मरला जमीन पर कब्जा कर बनाए मकान, मालिक ने वर्ष 1990 में खरीदी थी जमीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

ढाणा कलां गांव में कोर्ट के आदेश पर गुरुवार को जमीन की निशानदेही करने पहुंची पुलिस और प्रशासन की टीम को ग्रामीणों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। करीब 300 महिला-पुरुष ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के साथ जमकर बहस की, जिसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों को बिना कार्रवाई किए वापस लौटना पड़ा।

जानकारी के अनुसार, ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं असिस्टेंट रजिस्ट्रार सत्यवान सिंह पुलिस बल के साथ जमीन की निशानदेही के लिए गांव पहुंचे थे। ग्रामीणों के तीखे विरोध और तनावपूर्ण माहौल के कारण टीम को अपना काम बीच में ही रोकना पड़ा। अधिकारियों ने संकेत दिया है कि अगली बार अधिक पुलिस बल के साथ कार्रवाई की जाएगी। शिवकुमार ने बताया कि उन्होंने कई बार प्रशासन से निशानदेही करवाने की मांग की थी लेकिन हर बार ग्रामीणों के विरोध के कारण यह प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। उन्होंने आरोप लगाया कि कोर्ट के आदेशों के बावजूद तहसीलदार द्वारा कार्रवाई में देरी की गई। इस पर उन्होंने दोबारा न्यायालय में याचिका दायर की। हाल ही में कोर्ट में प्रशासन की ओर से एक माह का समय मांगते हुए निशानदेही करवाने का आश्वासन दिया गया था।करीब डेढ़ महीने पहले बिना पुलिस बल के तहसीलदार कार्यालय के अधिकारी मौके पर पहुंचे थे, लेकिन उस समय भी ग्रामीणों के विरोध के कारण काम रुक गया। इसके बाद कोर्ट के निर्देश पर पुलिस बल उपलब्ध कराया गया।



हांसी । ढाणा कलां में मौके पर मौजूद पुलिस। *फोटो : हरिभूमि*

### 15 साल पहले

मामले की जानकारी देते हुए जमीन मालिक शिवकुमार सैनी ने बताया कि उन्होंने वर्ष 1990 में करीब 80 कनाल 17 मरला जमीन खरीदी थी और इसकी रजिस्ट्री कोर्ट के आदेश के बाद हुई थी। यह जमीन पहले राजा की खुदकाश्त भूमि थी, जिस पर उनके परिवार ने वर्षों तक खेती की थी। बाद में पानी की आपूर्ति बंद होने से यह जमीन गैर-मुमकिन हो गई। शिवकुमार सैनी के अनुसार, करीब 15 साल पहले ढाणा कलां के 20-25 लोगों ने इस जमीन पर कब्जा कर अवैध निर्माण कर लिया। उन्होंने इस पर कोर्ट में केस दायर किया, जिसके बाद कब्जाधारियों ने कब्जे हटा लिए और अपना केस वापस ले लिया था। हालांकि, कुछ समय बाद फिर से कुछ लोगों ने जमीन पर मकान बनाने शुरू कर दिए।

---

# रेलवे स्टेशन के पास झाड़ियों में लगी आग, बड़ा हादसा टला

- कुछ ही दूरी पर खड़ी थी मालगाड़ी, सूझबूझ से बुझाई आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उकलाना

रेलवे स्टेशन के समीप झाड़ियों में अचानक लगी आग ने कुछ ही समय में भीषण रूप धारण कर लिया। आग इतनी तेजी से फैली कि आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दमकल कर्मियों की सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई के चलते एक बड़ा हादसा होने से टल गया।

गुरुवार दोपहर को अचानक इन झाड़ियों में आग लग गई, जो तेज हवा के कारण तेजी से फैलने लगी। आग की लपटें और धुआं दूर से ही दिखाई देने लगे, जिससे आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत करते हुए आग को फैलने से रोका और काफी प्रयासों के बाद उस पर काबू पाया। हिसार-लुधियाना रेलवे मार्ग पर एक कोयले से भरी मालगाड़ी क्रॉसिंग के कारण पास ही खड़ी थी। यदि आग उस मालगाड़ी तक पहुंच जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था।



---

**कार्रवाई** नागरिक हॉस्पिटल कैंटीन में अवैध रूप से इस्तेमाल किए जा रहे थे घरेलू गैस सिलेंडर

# सीएम फ्लाइंग ने की छापेमारी, अवैध सिलेंडर जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध व्यवसायिक उपयोग के खिलाफ सीएम फ्लाइंग टीम ने कार्रवाई करते हुए शहर के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान कई जगहों से गैस सिलेंडर जब्त किए गए, जबकि नियमों के उल्लंघन पर संबंधित संचालकों को नोटिस जारी कर चेतावनी दी गई।

रेड का नेतृत्व सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज इंचार्ज सुनैना ने किया। उनके साथ खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के इंस्पेक्टर संजीव कुंडू, एसआई कृष्ण कुमार और एएसआई सुरेंद्र सहित टीम के अन्य सदस्य मौजूद रहे। सीएम फ्लाइंग इंचार्ज सुनैना ने बताया कि टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि शहर में कई होटल, कैंटीन पर घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक रूप से अवैध इस्तेमाल किया जा रहा है, साथ ही बिना वैध दस्तावेजों के सिलेंडरों का भंडारण भी किया जा रहा है, जो सुरक्षा की दृष्टि से बेहद खतरनाक है।

सूचना के आधार पर टीम ने गुरुवार को सबसे पहले नागरिक अस्पताल परिसर में पहुंचकर निरीक्षण किया। यहां एक कैंटीन में घरेलू गैस सिलेंडर का अवैध उपयोग किया जा रहा था, जबकि एक व्यावसायिक सिलेंडर भी बिना दस्तावेजों के मिला तथा दो अन्य घरेलू गैस सिलेंडर बरामद हुए। संचालक द्वारा कागजात प्रस्तुत न किए जाने पर दोनों सिलेंडरों को जब्त कर लिया गया। इस कैंटीन पर कुल चार सिलेंडर रखे पाए गए, जनता के बैठने की जगह पर सिलेंडरों के इस अवैध भंडारण से कोई बड़ा हादसा भी हो सकता था। नागरिक हॉस्पिटल में जनता का आवागमन काफी रहता है और अगर कोई अनहोनी घटना घट जाए तो जानमाल का बड़ा नुकसान भी हो सकता है। इसी परिसर में स्थित दो अन्य कैंटीन पर भी घरेलू सिलेंडरों का कमर्शियल उपयोग पाया गया। इन मामलों में संचालकों को नोटिस जारी कर सख्त चेतावनी दी गई। इसके बाद टीम ने शहर के एक होटल में औचक निरीक्षण किया, जहां दो भरे हुए कमर्शियल सिलेंडर और एक पांच किलोग्राम का खाली सिलेंडर मिला। होटल संचालक द्वारा आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत न करने पर टीम ने तीनों सिलेंडरों को जब्त कर लिया। इसके बाद टीम शहर के दूसरे होटल में औचक निरीक्षण करने पहुंची, जहां पर एक व्यवसायिक सिलेंडर बिना उचित दस्तावेज के इस्तेमाल किया जा रहा था। जांच में ये गैस सिलेंडर एक्सपायरी डेट का पाया गया जिस पर गैस सिलेंडर को जब्त किया गया है। टीम ने इसके बाद तीसरे अन्य होटल में पहुंचकर औचक निरीक्षण किया, जहां पर एक भरा हुआ तथा तीन खाली व्यवसायिक सिलेंडर मिले, जो बिना उचित दस्तावेज के रखे गए थे। इस पर चारों सिलेंडर जब्त किए गए हैं।



हिसार। जांच पड़ताल करते सीएम फ्लाइंग टीम।

### नियमों का करें पालन

सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज इंचार्ज सुनैना ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग केवल घरेलू कार्यों के लिए ही किया जाना चाहिए। व्यवसायिक उपयोग के लिए वैध कनेक्शन होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि अवैध भंडारण, ब्लैक मार्केटिंग या नियमों के विरुद्ध उपयोग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### परशुराम जयंती पर हवन व भंडारा आज

**नारनौंद।** भगवान परशुराम जन कल्याण समिति के तत्वावधान में भगवान परशुराम जयंती नारनौंद स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में शुक्रवार को हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाई जाएगी। इस मौके पर भव्य कार्यक्रम के अलावा हवन व भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में खेल मंत्री गौरव गौतम मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

### ग्रामीणों को योजनाओं बारे में किया जागरूक

**हिसार।** सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग हरियाणा द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रचार को प्रभावी बनाने के लिए लोकशैली का उपयोग किया जा रहा है। गांव खरड़ और अलीपुर में विभाग के लोक कलाकारों की टीम ने कार्यक्रम आयोजित किए। टीम में नाटक निरीक्षक अनिल कुमार, स्टेज मास्टर महावीर शर्मा आदि रहे।

### दीवारों पर पोस्टर चिपकाए तो होगी कार्रवाई

**हिसार।** राज्य चुनाव आयोग के निर्देशानुसार नगर निकाय चुनाव के दौरान सार्वजनिक संपत्ति के नुकसान के दृष्टिगत जिला प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। नगराधीश सुभाष चंद्र ने बताया कि जारी आदेशानुसार चुनाव लडऩे वाले उम्मीदवार और राजनीतिक दल सरकारी भवनों, दीवारों, बिजली के खंभों, बस स्टैंड, बस शेल्टर, रेलवे स्टेशन, पुलिस चौकियों, बाजारों और चौकों पर पोस्टर चिपकाने पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है।

### जिला स्तरीय अपराध समिति की बैठक आज

**हिसार।** उपायुक्त महेंद्र पाल की अध्यक्षता में 17 अप्रैल को जिला स्तरीय चिन्हित अपराध समिति की बैठक की जाएगी। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने बताया कि बैठक में चिन्हित अपराध से संबंधित विभिन्न मामलों को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक में जिला न्यायवादी, केंद्रीय जेल प्रथम एवं द्वितीय के अधीक्षक, राजकीय रेलवे पुलिस के प्रतिनिधि सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### ग्रुप-डी कर्मियों की 24 को बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन

**हिसार।** उपायुक्त महेंद्र पाल के निर्देशानुसार जिले में विज्ञापन संख्या 01/2023 के तहत चयनित ग्रुप-डी कर्मचारियों की बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन प्रक्रिया 24 अप्रैल को मंडल आयुक्त कार्यालय में की जाएगी। सुभाष चंद्र ने बताया कि जिन ग्रुप-डी कर्मचारियों की अभी तक बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन नहीं हो पाई है, उनकी सत्यापन प्रक्रिया को पूरा करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे पात्र कर्मचारियों को समय पर उपस्थित हो सके।

### गंगवा आज जाएंगे श्रवण व वाणी दिव्यांग कल्याण केंद्र

**हिसार।** हरियाणा सरकार में लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा 17 अप्रैल को हिसार दौरे पर रहेंगे। एक प्रवक्ता ने बताया कि दौरा कार्यक्रम अनुसार कैबिनेट मंत्री 11 बजे न्यू ग्रेन मार्केट स्थित श्रवण एवं वाणी दिव्यांग कल्याण केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। कार्यक्रम के दौरान वे जनसमस्याओं को भी सुनेंगे एवं उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देंगे।

### तिरुपति धाम में रामानुज स्वामी उत्सव में उमड़े श्रद्धालु

**हिसार।** तिरुपति बालाजी धाम में रामानुज स्वामी उत्सव पूरे उत्साह के साथ चल रहा है। रामानुज स्वामी की विशेष पूजा-अर्चना के उपरांत सवारी शोभा यात्रा निकाली गई। नियमानुसार मंत्रोच्चारण के साथ रामानुज स्वामी के विग्रह को रथ पर स्थापित पालकी में विराजमान किया गया। सवारी शोभा यात्रा शुरू होते ही श्रद्धालुओं का उत्साह देखने लायक रहा। इस दौरान श्रद्धालु जय श्रीमन्ननारायण, जय भगवान वेंकटेश व जय रामानुज स्वामी के जयघोष करते रहे।

## सीएम सैनी ने वीसी के माध्यम से वार्ड समितियों से किया संवाद

# 1 मई से 2 सप्ताह तक सभी नगर निकायों में चलेगा स्वच्छता अभियान

प्रदेश के प्रत्येक वार्ड में सक्रिय वार्ड समिति के गठन से स्थानीय स्तर पर समस्याओं का तेजी होगा समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

नागरिकों और नगर निकायों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के लगभग 45 नगर निकायों से सीधा संवाद किया। इस संवाद कार्यक्रम में हिसार जिले से नगर निगम, नगर परिषद और नगरपालिका के वार्ड समितियों के चेयरमैन व सदस्यों ने भाग लिया।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश के नगर निकायों में 1692 वार्ड हैं, जिनमें से 1503 वार्डों में वार्ड समितियों का गठन किया जा चुका है। शेष वार्डों में भी शीघ्र ही समितियों का गठन पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य प्रत्येक वार्ड में सक्रिय वार्ड समिति बनाना है, ताकि स्थानीय स्तर पर समस्याओं का समाधान तेजी से हो सके। उन्होंने कहा कि वार्ड समितियां नागरिकों और नगर निकायों के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु का कार्य करेंगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 1 मई से दो सप्ताह तक प्रदेश के सभी नगर निकायों में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत वार्ड समितियां अपने-अपने क्षेत्रों में सफाई से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देंगी। साथ ही, नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए भी अभियान चलाए जाएं, ताकि अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि जब तक आम नागरिक इसमें सक्रिय रूप से शामिल नहीं होंगे, तब तक स्थायी परिणाम प्राप्त नहीं किए जा सकते।



हिसार । कार्यक्रम में उपस्थित नगर निकाय के जनप्रतिनिध, अधिकारी व वार्ड समिति सदस्य। फोटो : हरिभूमि

इस दौरान मेयर प्रवीण पोपली, जिला नगर आयुक्त नीरज, अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल, अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा, अतिरिक्त निगमायुक्त वीरेन्द्र सहारण, एमई कर्मपाल सिंह सिंधू, एमई अनिल मोहिल, मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी अमोल मधुकर मसलखांब, बरवाला नगर परिषद के चेयरमैन रमेश बैटरी वाला, सचिव प्रगति, सचिव संदीप सहित हिसार, बरवाला, उकलाना के वार्ड समिति के चेयरमैन व वार्ड सदस्य मौजूद रहे।

### जनता-सरकार के बीच सेतु बने प्रतिनिधि: सैनी



हांसी। वीडियो कांफ्रेंसिंग के द्वारा पार्षदों व वार्ड समिति सदस्यों को संबोधित करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

**हांसी।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वार्ड समिति सदस्यों एवं नगर पार्षदों को संबोधित करते हुए उन्हें जनता और सरकार के बीच सशक्त सेतु की भूमिका निभाने का आह्वान किया।

जिला स्तरीय कार्यक्रम की अध्यक्षता एडीसी लक्षित सरीन ने की। कार्यक्रम में नगर पार्षदों, वार्ड समिति सदस्यों सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का संबोधन शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पौधारोपण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर केंद्रित रहा। उन्होंने कहा कि वार्ड समिति सदस्य अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहते हुए हर समस्या के समाधान के लिए आगे आएं और आमजन की अपेक्षाओं पर खरा उतरें। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक सैनी, नगर परिषद प्रधान प्रवीण इलाहाबादी, नगर परिषद उप प्रधान अनिल बंसल, नगर परिषद ईओ राजेंद्र सोनी, मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी प्रतीक्षा सांगवान वार्ड समितियां के सदस्य नगर पार्षद तथा क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## 9 फरवरी से एक मार्च 2027 तक होगा जनगणना कार्य

# 30 तक स्वगणना पर पूर्ण गंभीरता से करें कार्य : गीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

मंडलायुक्त गीता भारती ने जनगणना 2027 के कार्यक्रम के तहत वीरवार को अपने कार्यालय से स्वगणना के कार्य का विधिवत शुभारंभ किया। 30 अप्रैल तक की जाने वाली स्वगणना हेतु उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जिम्मेदारी और पूर्ण गंभीरता से कार्य करने की हिदायत दी। मंडलायुक्त कार्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भी निर्धारित पोर्टल पर स्वगणना का कार्य संपन्न किया। इसके साथ ही उन्होंने आमजन से भी स्वगणना कार्य में सहयोग की अपील की है। मंडलायुक्त गीता भारती ने कहा कि सभी नागरिक पोर्टल के माध्यम के जरिए अपना डेटा फीड कर सकते हैं। इससे प्रमाणित आंकड़ों के संकलन में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि

- 31 मई तक प्रथम चरण में की जाएगी घरों की गिनती



हिसार । स्वगणना कार्य का शुभारंभ करती मंडलायुक्त गीता भारती।

स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों तथा शहरी स्थानीय निकाय व पंचायत विभाग द्वारा आमजन को स्वगणना के लिए जरूरी दिशा निर्देश जारी किए।

मंडलायुक्त ने बताया कि अगले चरण में एक से 31 मई तक ड्यूटी में लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा जनगणना के प्रथम चरण में घरों की गिनती की जाएगी। 9 फरवरी 2027 से एक मार्च 2027 तक जनगणना का कार्य संपन्न किया जाएगा।

### आरटीए पर लगाया मनमानी का आरोप

**हिसार।** रोडवेज की हिसार डिपो सांझा संघर्ष समिति ने हिसार के आरटीए पर मनमानी करने का आरोप लगाते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है। इस संबंध में समिति ने डिपो महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा गया। बैठक में हिसार डिपो नेताओं ने बताया कि सचिव, प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण, हिसार कार्यालय द्वारा गत 7 अप्रैल को हिसार से दिल्ली मार्ग की नई समय सारणी जारी की गई है। संघर्ष समिति ने आरोप लगाया कि सिरसा, फतेहाबाद, रोहतक, झज्जर, हिसार, दिल्ली व फरीदाबाद के किसी भी महाप्रबंधक से विचार विमर्श किए बिना ही यह समय सारणी जारी कर दी गई। साथ ही इस बारे में पंजाब और राजस्थान रोडवेज विभाग को भी कोई सूचना नहीं दी गई। बैठक में डिपो प्रधान संदीप जैनावास, अजय दुहन, कर्मबीर मसूदपुर, जितेन्द्र शर्मा, नरेन्द्र खरड़ आदि मौजूद रहे।

## सुचलानी में आग लगने से कई एकड़ में रखा पशु चारा जला

- ग्रामीणों व फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने मशक्कत के बाद पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

क्षेत्र के गांव सुलचानी में अचानक गेहूं के फाने में आग लग गई। इस घटना में कई एकड़ में रखा पशु चारा जलकर राख हो गया। ग्रामीणों और फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया।

सुलचानी गांव निवासी राजकुमार ने बताया कि गुरुवार को उनके बेटे ने पड़ोसी किसान के खेत से धुआं उठते देखा। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि आग तेजी से फैल रही थी। इसके बाद तुरंत ग्रामीणों को सूचित किया गया और फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम घटनास्थल पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया। गांव सुलचानी और कागसर से भी बड़ी संख्या में ग्रामीण खेतों में पहुंचे और आग पर काबू पाने में सहयोग किया। इस आग से किसान जगदीप, जीवन और पवन के लगभग तीन-तीन एकड़ खेतों में रखा गेहूं के फाने जलकर राख हो गए। यह फाने पशुओं के चारे के लिए रखा गया था, जिससे किसानों को आर्थिक क्षति हुई है।

#### मुआवजे की मांग

राजकुमार ने बताया कि यदि आग पर समय रहते काबू नहीं पाया जाता, तो पास के गेहूं के खेत भी इसकी चपेट में आ सकते थे, जिससे नुकसान और बढ़ सकता था। घटनास्थल पर पहुंचे फायरमैन सुनील कुमार ने बताया कि टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से आग पर नियंत्रण पाया।किसानों ने प्रशासन से नुकसान का आंकलन करके मुआवजा दिए जाने की मांग की है।

### पार्ट-टाइम जॉब के नाम पर 1.53 लाख की ठगी

**हांसी।** साइबर थाना पुलिस टेलीग्राम पर पार्ट टाइम जॉब का झांसा देकर 1.53 लाख रुपये की ठगी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान राजस्थान के जिला अलवर के गांव निमला निवासी सचिन के रूप में हुई है। जांच अधिकारी एएसआई प्रेम कुमार ने गढ़ी गांव निवासी एक व्यक्ति ने 28 जनवरी को शिकायत दी थी कि उसके टेलीग्राम मोबाइल नंबर पर पार्ट-टाइम काम करने का मैसेज आया था। सहमति जताने पर मुझे होटल रेटिंग देकर स्टार देने का काम बताया गया और एक ग्रुप में जोड़ दिया गया, जहां उसे स्क्रीनशॉट सांझा करने के लिए कहा गया। ग्रुप में बार-बार टास्क देकर उन्हें गलत बताया जाता था और अलग-अलग यूपीआई आईडी के माध्यम से पैसे जमा करवाए जाते थे। आरोपियों ने ट्रेडिंग के नाम पर पैसे दोगुने करने का झांसा देकर शिकायतकर्ता से 1.53 लाख रुपये की ठगी कर ली।

## बाल विवाह स्वास्थ्य व शिक्षा पर डालते हैं प्रभाव: डीसी

**अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकथाम को लेकर उपायुक्त ने ली बैठक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

अक्षय तृतीया के अवसर पर संभावित बाल विवाह की घटनाओं की रोकथाम के संबंध में उपायुक्त महेंद्र पाल की अध्यक्षता में गुरुवार को संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी विभागों को सतर्क रहकर आपसी समन्वय के साथ प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग, बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति, बाल विवाह निषेध अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, पंचायत एवं विकास विभाग, शिक्षा विभाग, जनसंपर्क विभाग, गैर-सरकारी संगठन एवं अन्य संबंधित विभागों से अधिकारी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने कहा कि बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक कुरीति है, जो बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा एवं उनके भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है। इसे रोकना प्रशासन के साथ-साथ समाज की भी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाएं तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों को उपलब्ध करवाई जाए। उपायुक्त ने विशेष रूप से निर्देश दिए कि होटल, रेस्टोरेंट, मैरिज पैलेस, बैंक्वेट हॉल एवं अन्य सेवा प्रदाता किसी भी प्रकार के बाल विवाह आयोजन की अनुमति न दें। यदि ऐसे किसी आयोजन की जानकारी मिलती है तो इसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दी जाए, अन्यथा संबंधित के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।इस अवसर पर जिला परिषद सीईओ तथा सीटीएम सुभाष चंद्र, डीडीपीओ नरेंद्र सिंह, जिला संरक्षण अधिकारी बबीता चौधरी समेत कई अधिकारी रहे।



हिसार । बैठक की अध्यक्षता कर अधिकारियों को दिशा निर्देश देते उपायुक्त महेंद्र पाल। फोटो : हरिभूमि

### एवीटी टीम ने छीना हुआ मोबाइल किया बरामद

**हांसी।** एवीटी स्टाफ में एक मोबाइल फोन स्नेचर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान रणजीत उर्फ बबलू के रूप में हुई है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लेकर आरोपी के पास से छीना गया फोन बरामद किया। एएसआई राजीव कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि अग्रवाल कॉलोनी में बाइक सवार दो युवक एक महिला से मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंचे और पीड़ित से फोन स्नेचर के बारे जानकारी हासिल की। महिला की शिकायत पर कार्रवाई के दौरान आरोपी रणजीत को गिरफ्तार कर पूछताछ के दौरान छीना गया मोबाइल फोन बरामद किया गया।

## लुवास में सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान

**शिक्षकों के दीर्घकालीन योगदान, सर्मपण एवं कर्तव्यनिष्ठा का किया स्मरण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) में सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय परिवार ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के दीर्घकालीन योगदान, समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा को सम्मानपूर्वक स्मरण करते हुए उन्हें सम्मानित किया।

पूर्व पशु चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. गुलशन नारंग, प्रिंसिपल साइंटिस्ट डॉ. वीरेंद्र सिंह पंवार, एनिमल अटेंडेंट जसवंत सिंह, एनिमल अटेंडेंट अमीर सिंह, लैब टेक्नीशियन रत्तन लाल, असिस्टेंट सतपाल यादव, एनिमल अटेंडेंट जगदीश, डिप्टी सुपरिंटेंडेंट आशा रानी, फोरमैन दया नंद, लैब टेक्नीशियन सुशीला कुमारी, देवी लाल, दफ्तरी हरि ओम को सम्मानित किया गया।



हिसार । सेवानिवृत कर्मचारियों को सम्मानित करते कुलपति प्रो. विनोद कुमार वर्मा व अन्य अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### नेत्र शिविर में हुए 22 लोगों के ऑपरेशन

**हिसार।** दिव्यांग पुनर्वास एवं स्वास्थ्य केंद्र में सेवार्थ भाव से निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सकों ने आंखों के सफेद मोतियाबिंद से पीड़ित 22 जरूरतमंद बुजुर्गों के नेत्र ऑपरेशन निशुल्क किए। इस दौरान यथासंभव दवाइयां भी फ्री उपलब्ध करवाई गई। नेत्र ऑपरेशन शिविर के दौरान दिव्यांग केंद्र के कार्यकारी अध्यक्ष रामनिवास अग्रवाल सीए, प्रोजेक्ट हेड सुरेंद्र कुच्छल, वीरेंद्र जैन, सुशील मुनि जैन, पंकज जैन, नीलम जैन, कृष्ण कुमार जैन, राकेश कुमार जैन, अंशुल जैन व अजय सिंगला सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## 114 ग्राम अफीम के साथ दो आरोपी काबू, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

सीआईए-1 टीम ने नशा तस्करी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए दोनों आरोपियों के पास से 114 ग्राम अफीम व 2100 रुपये की नकदी बरामद की है। पकड़े गए दोनों आरोपियों की पहचान अनीपुरा निवासी रमन व जगदीश कॉलोनी निवासी संदीप के रूप में हुई है।

एएसआई राकेश ने बताया कि पुलिस टीम ने उमरा रोड स्थित हिसार चुंगी पर नाका लगाया हुआ था। इसी दौरान सूचना मिली कि अनीपुरा निवासी रमन अफीम का नशा करने का आदी है और वह जगदीश कॉलोनी निवासी संदीप से अफीम खरीदने के लिए उमरा रोड नहर पुलिया पर मौजूद है।

#### पुलिस ने की कार्रवाई

सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने दबिश देकर मौके पर मौजूद दो व्यक्तियों को काबू कर शक के आधार पर तलाशी ली तो संदीप के कब्जे से 99 ग्राम अफीम व 2100 रुपए बरामद हुए, जबकि रमन के कब्जे से 15 ग्राम अफीम बरामद हुई। दोनों के पास से बरामद 114 ग्राम अफीम को कब्जे लेकर दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर संदीप को एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया।

### मोक्ष वृद्धाश्रम में भजन-कीर्तनों पर झूमे बुजुर्ग

**हिसार।** मोक्ष वृद्धाश्रम में रोटरी सेंट्रल हिसार डायनेमिक के पदाधिकारियों व सदस्यों ने आनंदमय व खुशनुमा आयोजन किया। उन्होंने न केवल पूरा दिन बुजुर्गों के साथ बिताया बल्कि उनके साथ भजन व गीत गाते हुए समां बांध दिया। इतना ही नहीं झूमते व नाचते हुए सभी में नई ऊर्जा का संचार कर दिया। मौके पर वृद्धाश्रम की संरक्षक मां पंकज संधीर, रोटरी सेंट्रल हिसार डायनेमिक की प्रेसिडेंट नीरजा खन्ना, सचिव संगीता कत्याल, कोषाध्यक्ष कृष्णा खेड़ा, रंजू पोपली, सलिल सहगल, आशा कालड़ा, अंजू ठकराल, अर्चना ठकराल, लाज मलिक, वीना ग्रोवर, किरण महत्ता, उर्मिल महत्ता, कृष्णा चावला, सीमा रहेजा, इंदु काजला, सरिता ग्रोवर व नरेशा लिखा सहित गणमान्य मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** | गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के एचएसबी में हुई 'ब्रेन ब्लिटज'प्रतियोगिता

# गुजवि में 100 विद्यार्थियों ने तेज बुद्धिमत्ता स्पीड और टीम स्पिरिट का किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस (एचएसबी) में 'ब्रेन ब्लिटज' का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के माध्यम से पूरा परिसर ज्ञान, ऊर्जा और प्रतिस्पर्धा के उत्साह से भर गया। यह आयोजन विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता, त्वरित निर्णय लेने की योग्यता, विश्लेषणात्मक सोच तथा टीमवर्क को परखने का एक उत्कृष्ट मंच साबित हुआ। एचएसबी के निदेशक प्रो. संजीव कुमार एवं इस प्रतियोगिता की मेंटर डॉ. अंजली गुप्ता की योजना ने कार्यक्रम को सफल बनाया। उनके निर्देशन में प्रतिभागियों को सीखने और अपनी क्षमताओं को निखारने का अवसर मिला। इस प्रतियोगिता में 20 से अधिक टीमों ने भाग लिया, जबकि 100 से अधिक विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली, जो विद्यार्थियों के उत्साह और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को दर्शाता है। इस मौके पर विवि के विद्यार्थी एवं शिक्षक मौजूद रहे।



हिसार । प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते एचएसबी के निदेशक प्रो. संजीव कुमार। फोटो : हरिभूमि

#### ये रहे प्रतियोगिता के परिणाम

रोहित, राघव व अंकिता ने प्रथम, नैतिक, संयम व मिताशु ने द्वितीय तथा वंश, सोनिया व नंदिनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिससे उनका मनोबल और भी बढ़ा। साथ ही सभी प्रतिभागियों को भी उनके उत्साह और सहभागिता के लिए सराहा गया। कार्यक्रम के संचालन में डा. सचिन का महत्वपूर्ण सहयोग रहा, जिन्होंने समन्वय एवं प्रबंधन में सराहनीय भूमिका निभाई। मंच संचालन ने अनिशा व तृप्ति ने निभाया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में एमबीए आईबी के विद्यार्थियों गगन, तन्नु, रामफल, कर्ण, मुस्कान एवं प्रीति का विशेष योगदान रहा।

### गणितीय गतिविधि सत्र में तमन्ना रही प्रथम

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग में गणितीय गतिविधि सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का समन्वय विभाग की डीन प्रो. वंदना पूनिया के मार्गदर्शन में शीतल ने किया।

इस अवसर पर शिक्षा विभाग के संकाय सदस्य उष्मा व कुलदीप बिश्नोई विशेष रूप से उपस्थित रहे। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में डा. अन्नू गुप्ता और डा. संतोष ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस प्रतियोगिता में निशांत, तमन्ना, जविका, जैतल, बरखा और हर्ष ने अपनी अद्भुत रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। छात्रों को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर प्रेरित किया। इस श्रेणी में तमन्ना ने प्रथम, निशांत ने द्वितीय और हर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## शानदार परिणाम लेने वाले छात्रों को चेयरपर्सन डॉ. एकता सिंधु ने बधाई दी

# इंडस आरपीएस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया परचम



हिसार। शानदार परीक्षा परिणाम लेने वाले विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

**अनन्या ने 97.80, ललिता ने 97.20 व ध्वनि ने 96.80 फीसद अंक प्राप्त किए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶हिसार

इंडस आरपीएस पब्लिक स्कूल के कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम अत्यंत शानदार रहा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, अभिभावकों एवं शिक्षकों का नाम गौरवान्वित किया। परीक्षा परिणाम में छात्रा अनन्या गोयल ने 97.80 फीसद, छात्रा ललिता ने 97.20 फीसद, छात्रा ध्वनि ने 96.80 फीसद, छात्र अथर्व सिंह ने 96.20 फीसद, छात्रा आरवी यादव ने 95.80 फीसद, छात्रा अश्विनी ने 93.20 फीसद , छात्रा गीत सिंधु ने 91.80 फीसद छात्र अंकित वर्मा ने 91.40 फीसद तथा छात्र आर्यन ने 91 फीसद अंक प्राप्त कर श्रेष्ठ स्थान हासिल किया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि यह सफलता विद्यार्थियों की कठिन मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय में हर्ष का वातावरण है। विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. एकता सिंधु ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ सुभाष चंद्र राजपूत ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि निरंतर परिश्रम और अनुशासन से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

## 61 में से 19 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए

# मिर्चपुर के इंडस पब्लिक स्कूल का परिणाम रहा शत प्रतिशत



नारनौंद। इंडस स्कूल के छात्रों को सम्मानित करते प्रिंसिपल बिजेंद्र सिंह व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶नारनौंद

सीबीएसई दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में इंडस पब्लिक स्कूल मिर्चपुर के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के कुल 61 विद्यार्थियों में से 19 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करके विद्यालय का नाम पूरे क्षेत्र में रोशन किया। 40 विद्यार्थियों ने मैरिट हासिल कर इतिहास रचने का काम किया। स्कूल की छात्रा निश्चल पुत्री विकास मिर्चपुर ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। रूपांशी इटल खुर्द ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त करके द्वितीय एवं सिमरन देवव्रत मिर्चपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विषयवार आईटी. विषय में अधिकतम अंक 100, अंग्रेज़ी में 99, सामाजिक अध्ययन में 99, हिन्दी में 98, विज्ञान में 97 और गणित में 95 अंक रहे। इस अवसर पर विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं विद्यालय-परिवार द्वारा मिठाइयां बांटकर खुशी मनाई। निदेशक सुभाष श्योराण ने छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं।

# कृष्णा देवी स्कूल का शानदार प्रदर्शन

■ आरजू, सुनील और तेजस ने 94 प्रतिशत अंक के साथ किया नाम रोशन



हरिभूमि न्यूज ▶▶उकलाना

कृष्णा देवी गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल ने सीबीएसई कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में इस वर्ष शानदार प्रदर्शन करते हुए उत्कृष्टता का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यालय का परिणाम 100 प्रतिशत रहा और विद्यार्थियों ने उच्च अंकों के साथ अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। विद्यालय के टॉपर आरजू, सुनील और तेजस रहे, जिन्होंने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय के परिणाम की प्रमुख विशेषताओं में 18 प्रतिशत विद्यार्थियों द्वारा 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करना, 50 प्रतिशत विद्यार्थियों द्वारा 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करना तथा 64 प्रतिशत विद्यार्थियों द्वारा 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करना शामिल है। विषयवार परिणाम में हिंदी में धृति ने 96 अंक, अंग्रेजी में आरजू और तेजस ने 96 अंक, गणित में आरजू और सुनील ने 95 अंक, विज्ञान में आरजू ने 94 अंक, सामाजिक विज्ञान में किरण और पल्लवी ने 98 अंक तथा आईटी में प्रतिज्ञा ने 96 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय के निदेशक बलवान सिंह धायल ने कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है।



तन्वी जाजोदिया | अदिति ड्रोलिया | सानवी पूनिया | भव्या जैन

# विद्या देवी स्कूल की तन्वी ने 98.2 फीसदी के साथ रही प्रथम

**हिसार।** विद्या देवी जिंदल स्कूल की छात्राओं ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा की दसवीं की परीक्षा में नए कीर्तिमान स्थापति किया है। स्कूल की छात्रा तन्वी जाजोदिया ने 98.2 फीसद अंक प्राप्त कर 10वीं कक्षा में विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10वीं में कुल 123 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी, जिसमें विद्यालय का औसत परिणाम 85.91 फीसद रहा। तन्वी जाजोदिया के अलावा अदिति और सानवी पूनिया ने 97.4 फीसद अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि भव्या जैन ने 97.2 फीसद अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। ईशिका अग्रवाल ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 97 फीसद अंक हासिल किए। विद्यालय की प्रधानाचार्या नैना ढिल्लों ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को इस शानदार सफलता के लिए बधाई दी ।

## पीएमकेवीएन स्कूल का परिणाम रहा सहरानीय

**नारनौंद।** पीएमकेवीएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल खांडा खेड़ी के छात्रों ने दसवीं कक्षा में एक बार फिर उत्कृष्ट शैक्षणिक परिणाम प्रस्तुत करते हुए गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। वर्ष 2026 की कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा में विद्यालय के कुल 39 विद्यार्थियों में से 36 विद्यार्थी सफल रहे, जबकि 15 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के परीक्षा परिणाम के अनुसार तीन छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, सात विद्यार्थियों ने 80 से 90 प्रतिशत, पांच विद्यार्थियों ने 75 से 80 प्रतिशत, दो विद्यार्थियों ने 70 से 75 प्रतिशत, 6 विद्यार्थियों ने 65 से 70 प्रतिशत, 5 पांच विद्यार्थियों ने 60 से 65 प्रतिशत अंक प्राप्त करके स्कूल का नाम रोशन किया। विद्यालय की छात्रा रिंकी ने 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल का 10वीं का शानदार परीक्षा परिणाम



**हिसार।** दिल्ली पब्लिक स्कूल ने शैक्षणिक सत्र 2025–26 की कक्षा 10 की परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम दर्ज करते हुए एक बार फिर अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता का प्रमाण प्रस्तुत किया है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उच्च अंक प्राप्त किए। विद्यालय के टॉप स्कोरर वंश ने 98.2 फीसद अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त गर्विता ने 98 फीसद अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा रितम ने 97.4 फीसद अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। अन्य उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में प्रियंशु, आरव जैन, सूर्यांश सिंह, प्रिंसी, प्रतिभा सिंह, सौमित्र चटर्जी, पारिना, स्पर्श, भृगु, मानवी, इशिका, भावांशु वाधवा, जतिन, कृष्णा, अमिता सिंह एवं हर्षित सिंह शामिल रहे, जिन्होंने 95 फीसद से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के कुल 131 विद्यार्थियों में से 48 विद्यार्थियों ने 90 फीसद से अधिक अंक प्राप्त किए। विद्यालय प्रबंधन एवं प्रधानाचार्य ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई दी तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# श्री कृष्णा के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

■ 10वीं परीक्षा परिणाम में मोक्ष ने 95 .6 प्रतिशत से किया टॉप



हांसी। विद्यार्थियों को फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित करते स्कूल प्राचार्य अनिल कुमार व मुख्याध्यापिका पिंकी यादव।


हरिभूमि न्यूज ▶▶हांसी

सीबीएसई बोर्ड द्वारा बुधवार को जारी 10वीं कक्षा के सत्र (2026 - 27) का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें श्री कृष्णा प्रणामी पब्लिक स्कूल, हांसी के विद्यार्थियों ने अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम देकर अपने माता पिता एवं स्कूल का नाम फिर से स्वर्ण पटल पर अंकित करने का काम किया।

यह जानकारी देते हुए विद्यालय प्राचार्य अनिल कुमार ने बताया कि कक्षा दसवीं में मोक्ष ने 95.6 फीसद अंक के साथ प्रथम, आशा सिंह ने 95.2 फीसद अंक के साथ दूसरा तथा निधि ने 92.6 फीसद अंक के साथ स्कूल में तीसरा स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि बोर्ड परीक्षा में स्कूल के विद्यालय के 57 विद्यार्थियों ने भाग लिया था, जिनमें से 40 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की। स्कूल का परीक्षा परिणाम शत–प्रतिशत रहा।

### 3 विद्यार्थियों ने पाए 100 फीसदी अंक

उन्होंने बताया कि विषयानुसार सूचना प्रौद्योगिकी में 54 विद्यार्थियों ने 60 फीसद से अधिक अंक प्राप्त किए, जिनमें से 3 विद्यार्थियों ने 100 फीसद अंक प्राप्त किए, हिंदी में 41 छात्र, अंग्रेजी में 49 छात्र, विज्ञान में 20 छात्र, सामाजिक विज्ञान में 22 छात्रों ने 60 फीसद से ज्यादा अंक प्राप्त किए। बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। विद्यालय चेयरमैन राजपाल यादव, प्राचार्य अनिल कुमार, सचिव सत्यवान यादव, मुख्याध्यापिका पिंकी यादव एवं सभी शिक्षकों ने सभी श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम देने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।



हिसार। शानदार प्रदर्शन लेने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते प्रबंध निदेशक आरएस सिंधु। फोटो: हरिभूमि

# होली चाइल्ड स्कूल के विद्यार्थियों का 10वीं परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट प्रदर्शन

**हिसार।** होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों ने इस वर्ष सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम हासिल कर विद्यालय का नाम गर्व से ऊंचा किया है। इस वर्ष के परिणामों में संयम ने 97.2 फीसद अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। खनक ने 95.2 फीसद अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि सुजल यादव ने 94.8 फीसद अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन विद्यार्थियों की उपलब्धि विद्यालय के उच्च शैक्षणिक स्तर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रतीक है। विद्यालय के प्रबंध निदेशक आरएस सिंधु ने इस उल्लेखनीय सफलता पर सभी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और उनके दृढ़ संकल्प का प्रतिफल है। विद्यालय की प्रधानाचार्या अनीता पन्नू दलाल ने भी सभी विद्यार्थियों को बधाई दी है।

## 93.8 फीसदी के साथ पुनीत ने पाया प्रथम स्थान

# सीबीएसई की दसवीं की परीक्षा में रॉयल स्कूल का उत्कृष्ट प्रदर्शन



हिसार। शानदार परीक्षा परिणाम लाने वाले विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

■ 93 .2 फीसद के साथ लावण्या द्वितीय, 92 .2 से कशिश तृतीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶हिसार

रॉयल इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल खारा खेड़ी के विद्यार्थियों ने कक्षा दसवीं की सीबीएसई परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। पुनीत कुमार ने 93.8 फीसद अंक लेकर प्रथम, लावण्या ने 93.2 फीसद अंक लेकर द्वितीय एवं कशिश ने 92.2 फीसद अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंग्रेजी में पुनीत ने 95, गणित में 90 और इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी में 97, हिंदी में कशिश ने 96 और विज्ञान 91, सामाजिक विज्ञान में जिया ने 96 अंक लेकर विषयवार प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस अवसर पर स्कूल चैयरमेन डॉ. युद्धवीर सिंह, स्कूल निदेशिका डॉ. ज्योत्स्ना, प्रशासक विक्रमादित्य, सैनिक स्कूल कमांडेंट कर्नल डॉ. डीवी नेहरा (रिटायर्ड), प्रिंसिपल जानूप्रिया कथूरिया ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी और उनकी इस उपलब्धि की सराहना की। डॉ. युद्धवीर सिंह ने कहा कि छात्रों ने अपनी मेहनत और लगन से यह उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम हासिल किया है। डॉ. ज्योत्स्ना ने विद्यार्थियों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शिक्षकों की भी सराहना की और उनके प्रयासों को प्रोत्साहित किया।

### ये रहे मौजूद

*इस अवसर पर सीनियर कोऑर्डिनेटर पूनम बिश्नोई, प्रवेश, अंकित, बिजेंद्र, दीपक, रोहताश, प्रवीना, देबोश्रेया, नवीन, अमरिक सिंह, सवीन, जाहिद हुसैन आदि अध्यापकगण भी उपस्थित रहे।*



# आरपीएस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶हांसी

आरपीएस पब्लिक स्कूल, हांसी के विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा 10वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। स्कूल प्राचार्य एकता सचदेवा ने बताया कि विद्यालय के विद्यार्थी अंश ने 98.2 फीसद अंक प्राप्त कर प्रथम, सुंदर मलिक ने 97.2 फीसद अंक प्राप्त कर द्वितीय, नैतिक धतरवाल और मधुर शर्मा ने 97 फीसद अंक प्राप्त कर विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि इस बार विद्यालय के 67 विद्यार्थियों ने 90 फीसद से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को और भी सुदृढ़ किया। यह उपलब्धि विद्यालय के उत्कृष्ट शिक्षण स्तर और विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत का प्रमाण है। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक डॉ. संदीप देशवाल ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के निरंतर सहयोग का परिणाम है। विद्यालय सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है।

# यदुवंशी शिक्षा निकेतन के छात्र छाए

■ छात्रा निकिता ने 96 .2 प्रतिशत अंक पाकर किया नाम रोशन



हांसी। सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶हांसी

यदुवंशी शिक्षा निकेतन ने एक बार फिर कक्षा दसवीं के बेहतरीन परीक्षा परिणाम लेकर अपनी विश्वसनीयता साबित की है। सीबीएसई द्वारा बुधवार को जारी परीक्षा परिणाम में संस्थान के विद्यार्थियों ने नया कीर्तिमान स्थापित किया। स्कूल प्राचार्य सुनील कुमार ने बताया कि विद्यालय की छात्रा निकिता ने 96.2 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय प्रथम, अनमोल 95.8 फीसद अंक के साथ दूसरे व गुरूवंश श्योराण 95.6 फीसद अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहे। इसके अतिरिक्त नैतिक नेहरा 94.2 फीसद , साक्षी 91.8 फीसद, चारू 93.2 फीसद, वैष्णवी 92.8.फीसद, दीक्षा 90.8 फीसद, सोम्या 90.4 फीसद, राहुल 88.2 फीसद,पीयूष 88.2 फीसद, खुशी 87.2 फीसद, तमन्ना 87.2 फीसद, प्रिन्स 86.8 फीसद, आर्यन 86फीसद, आर्यन 86 फीसद, भाविका 85.8 फीसद, हरदीप सिंह 85.8 फीसद, लक्ष्य 85.6 फीसद, निशा 85 फीसद, नैन्सी 84.8 फीसद, कोमल 84.8 फीसद, आदि 84.6 फीसद, कार्तिक 83.4 फीसद, उपासना 83.2 फीसद, गंगा 80.6 फीसद, प्रवेश 79.6 फीसद, प्रशान्त 79.6 फीसद, अरनव 79 फीसद, सौरभ 78.8 फीसद के अतिरिक्त 40 विद्यार्थियों ने फर्स्ट डिवीजन हासिल की। इस अवसर पर यदुवंशी ग्रुप आफ इंस्टिट्यूशंस के चैयरमेन राव बहादुर सिंह ने सभी शिक्षकों, अभिभावकों व विधार्थियों को इस उपलब्धि पर बधाईयां दी।

## श्री कृष्ण प्रणामी पब्लिक स्कूल का शानदार प्रदर्शन



**हिसार।** श्री कृष्ण प्रणामी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जो विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का उत्कृष्ट उदाहरण है। विद्यालय की प्राचार्या नीरू भाटिया ने जानकारी देते हुए बताया कि छात्रा अनुष्का ने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं हरलीन ने 94.4 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा अमान ने 93.6 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि कुल 54 विद्यार्थियों में से 7 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 12 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। अन्य सभी विद्यार्थियों ने भी 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

## जीवन में बड़ी सफलता पाने के लिए योग्य मार्गदर्शन का विशेष महत्व : बीईओ

# आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶हांसी



हांसी। सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस के चेयरमैन आनंद यादव व अन्य।

मिलकपुर स्थित आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में शुक्रवार को सीबीएसई परीक्षा में 10वीं कक्षा के उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति, अभिभावक एवं समाज के प्रतिष्ठित नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी मेधावी विद्यार्थियों का तालियों की गूंज के बीच फूल-मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर सतेंद्र सिंह व बीरसिंह यादव, समाजसेवी एवं स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य मास्टर राजेंद्र यादव, विद्यालय के चेयरमैन आनंद यादव, सेक्रेटरी कुलदीप नंबरदार ने शिरकत की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि जीवन में बड़ी सफलता पाने के लिए दीर्घकालिक शिक्षा, योग्य मार्गदर्शन और सुदृढ़ प्रबंधन का विशेष महत्व होता है। उन्होंने विद्यालय की प्रबंधन प्रणाली और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इसका परिणाम आज सभी के सामने है। मास्टर राजेंद्र यादव ने कहा कि आनंद स्कूल निरंतर अपने उत्कृष्ट परिणामों से क्षेत्र में एक अलग पहचान बना रहा है।

### प्रिया ने प्राप्त किए 98.4 फीसद अंक

निदेशक साहिल यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय की टॉपर छात्रा प्रिया ने 98.4 फीसद अंक प्राप्त कर न केवल स्कूल बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि प्रिया का अनुशासन, शिक्षकों के प्रति सम्मान और नियमित अध्ययन उसकी सफलता के मुख्य आधार रहे हैं।

### ये रहे मौजूद

चेयरमैन आनंद यादव ने कहा कि यह स्कूल उनका ड्रीम प्रोजेक्ट है और वे इसे नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। इस अवसर प्रिंसिपल नीतीश मिश्र, वाइस प्रिंसिपल गीता यादव वा प्राथमिक प्रभारी प्रोमिला यादव आदि मौजूद थे ।

## लक्ष्मीबाई त्रिलोकचंद स्कूल का शानदार प्रदर्शन



**हिसार।** महारानी लक्ष्मीबाई त्रिलोकचंद स्कूल की कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के सभी 53 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त कर न केवल अपने अभिभावकों का बल्कि विद्यालय और शिक्षकों का भी नाम रोशन किया। इस वर्ष विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उच्च अंक प्राप्त किए। विद्यालय की मेधावी छात्रा वंशिका ने 94.4 फीसद अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। तानिया ने 93 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्रतिशत हासिल किया जबकि संध्या एवं शुभम ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त अंकुश ने 92 प्रतिशत एवं रितिका ने 91 प्रतिशत अंक से सराहनीय प्रदर्शन किया। विद्यालय प्रबंधन ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर सभी विद्यार्थियों] अभिभावकों एवं शिक्षकों को हार्दिक बधाई दी है। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. सरिता शर्मा एवं प्रबंधक अजीज प्रधान ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी है।